सीएम ने निर्माणाधीन बापू टावर का निरीक्षण किया, निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने का निर्देश

बापू टावर दिसंबर तक तैयार होगा, नई पीढ़ी बापू के संदेश जान सकेगी

भास्कर न्यूज | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गर्दनीबाग में निर्माणाधीन बापू टावर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी और बताया कि निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के छठे, तीसरे एवं पहले तल पर जाकर निर्माण कार्य का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि बापू टावर का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। इसका निर्माण कार्य दिसंबर माह तक पूर्ण करें। इसके निर्माण जल्द पूर्ण होने से बापू की जीवनी, उनके विचारों और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी जान सकेगी। उन्होंने कहा कि इस परिसर में ग्रीन एरिया विकसित करें।

परिसर में ग्रीन एरिया विकसित होगा, पूरा व्यवस्थित दिखेगा



निर्माणाधीन बापू टावर और निरीक्षण के दौरान . सीएम नीतीश कुमार, मंत्री अशोक चौधरी।

परिसर बेहतर और व्यवस्थित दिखना चाहिये। जब बापू टावर बनकर तैयार हो जाएगा तो बहुत अच्छा दृश्य दिखेगा और लोग यहां आकर बापू के बारे में जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे। हमने इसका निर्माण कार्य कई बार आकर देखा है और सुझाव भी देते रहे हैं। मेरी इच्छा है कि जल्द से जल्द बापू टावर का निर्माण कार्य पूर्ण हो, इसमें अब विलंब नहीं हो। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं अभियंतागण उपस्थित थे।